# भारत का विदेश व्यापार: 2006-07 (अप्रैल - सितंबर)*

वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएंडएस) द्वारा प्रस्तुत भारत के वणिक माल के व्यापार संबंधी चालू वित्तीय वर्ष (अर्थात् अप्रैल-सितंबर 2006) के अनंतिम आंकड़े और अप्रैल-जुलाई 2006 का वस्तुवार ब्योरा निम्न बातें दर्शाता है।


## मुख्य -मुख्य बातें

- अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान वणिक माल के निर्यात में अमरीकी डॉलर के संदर्भ में 23 प्रतिशत वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 34 प्रतिशत) जिसके मुख्य प्रेरक पेट्रोलियम उत्पादों के निर्यात थे।
- अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान विनिर्माण उत्पादों में गिरावट हुई, जबकि इंजीनियरिंग सामान में तेज वृद्धि हुई थी।
- अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान समग्र आयात वृद्धि धीमी रही।
- अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान तेल आयात में 37 प्रतिशत वृद्धि हुई। भारतीय समूह के कच्चे तेल की कीमतों में वर्ष-दर-वर्ष आधार पर 25 प्रतिशत वृद्धि हुई। मात्रा के संदर्भ में, अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान तेल आयात में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई।
- तेल से भिन्न मदों का आयात तेजी से कम हो गया जिसका मुख्य कारण जिसका मुख्य कारण सोने और चांदी तथा मोती, मूल्यवान और अर्धमूल्यवान पत्थरों का आयात कम होना था।
- पूंजीगत माल के आयात में 40 प्रतिशत वृद्धि दर्ज हुई जो घरेलू निवेश मांग में मजबूती दर्शाती है।
- व्यापार घाटा एक वर्ष पूर्व के 22.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान 24.6 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

### *निर्यात*

भारत के वणिक माल निर्यात में सितंबर 2006 के दौरान वृद्धि की गति बनी रही और उसमें अमरीकी डॉलर के संदर्भ में 22 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज हुई (चार्ट 1 और विवरण 1)। अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान संचयी निर्यात में 23 प्रतिशत वृद्धि हुई, यद्यपि वह एक वर्ष पूर्व की इसी अवधि की 34 प्रतिशत वृद्धि की तुलना में कम थी (सारणी क, विवरण 2)।

**चार्ट 1 : भारत के निर्यात में वृद्धि**




अप्रैल-जुलाई 2006 के जिंसवार डाटा ने निर्यात निष्पादन में विविधता की प्रवृत्ति दर्शाई। पेट्रोलियमत उत्पाद के निर्यात ने अमरीकी डॉलर के संदर्भ में 125 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जो कुल निर्यात में 42 प्रतिशत वृद्धि थी। कृषि उत्पादों में भी उच्च वृद्धि दर्ज हुई जबकि विनिर्मित उत्पादों के संदर्भ में कम वृद्धि देखी गई।

**सारणी क: भारत का वणिक माल व्यापार (अप्रैल-सितंबर)**

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| मद | 2005-06 सं | 2006-07 अ |
|---|---|---|
| निर्यात | 48,289<br>(34.2) | 59,363<br>(22.9) |
| आयात | 70,552<br>(46.6) | 83,964<br>(19.0) |
| तेल आयात | 20,952<br>(43.7) | 28,679<br>(36.9) |
| तेल से भिन्न आयात | 49,600<br>(47.9) | 55,285<br>(11.5) |
| व्यापार संतुलन | -22,263 | -24,601 |

अ : अनंतिम। सं : संशोधित।

**टिप्पणी :** कोष्ठक में दिए गए आँकड़े पिछले वर्ष की तुलना में प्रतिशत बदल दर्शाते है।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय (डीजीसीआइएस)।

* आर्थिक विश्लेषण और नीति विभाग, भारतीय रिजर्व बैंक के अंतरराष्ट्रीय व्यापार प्रभाग में तैयार किया गया। इस लेख का पहला अंक भारतीय रिजर्व बैंक बुलेटिन अक्तूबर 2006 के अंक में प्रकाशित।

अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान कृषि और संबंधित उत्पादों में मजबूत वृद्धि दर्ज हुई जिसका मुख्य कारण चीनी और कच्ची कपास के निर्यात में आया उछाल था। कच्ची कपास के निर्यात में वृद्धि मुख्यत: चीन को हुए निर्यात में वृद्धि के कारण हुई थी जो निर्यात वृद्धि में 65 प्रतिशत थी। चीन को भारतीय निर्यात बढ़ने का मुख्य कारण 2005 में कोटा समप्ति के बाद चीन से वस्त्र विनिर्माणों की मांग में तेजी आना और मालभाड़ा बढ़ना था जिससे उन्हें अपने निकटतम देशों की ओर मुड़ना पड़ा। तथापि, चाय, कॉफी, तंबाकू, और मसाले जैसी पारंपरिक मदों के निर्यात में वृद्धि चावल,गेहूं, काजू और समुद्री उत्पादों जैसी अन्य पारंपरिक मदों में गिरावट से संतुलित हो गई। चाय के निर्यात में वृद्धि मुख्यत: कतार, कंबोडिया, पाकिस्तान और इजिप्त द्वारा अधिक चाय खरीदने के कारण हुई थी। चाय बोर्ड के अनुसार, अप्रैल-अगस्त 2006 के दौरान भारत का चाय निर्यात मात्रा के संदर्भ में 23 प्रतिशत बढ़ा, जबकि अमरीकी डॉलर के संदर्भ में 0.1 प्रतिशत कम हो गया।

विनिर्मित माल के निर्यात की वृद्धि अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान कम होकर 17 प्रतिशत रह गई जो एक वर्ष पहले 30 प्रतिशत थी। फिर भी, विनिर्मित माल के अंतर्गत मुख्य मदों में अभियांत्रिकी माल ने अपनी वृद्धि की गति बनाए रखी और अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान 34 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जिसमें मशीनरी और उपकरण, धातु, लोहा और इस्पात के सामान तथा इलेक्ट्रानिक सामान का भारी योगदान था। तथापि, परिवहन उपस्करों ने वृद्धि में कमी दिखाई क्योंकि सिंगापुर, फ्रांस, यूएइ और इटली के मुख्य बाजारों से मांग कम हो गई थी। रसायन और संबंधित उत्पाद के निर्यात में भी अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान कमी दर्ज हुई। तथापि, मूल रसायन और फार्मास्यूटिकल्स, जो कि रसायन निर्यात के मुख्य घटक हैं, ने 25 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की।

अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान वस्त्र और वस्त्र उत्पाद, जो कि भारत के निर्यात समूह की मुख्य मद है, में कमी दर्ज हुई जिसमें तैयार वस्त्रों, जो कि वस्त्र निर्यात की मुख्य मद है, ने 15 प्रतिशत की कम वृद्धि दर्ज की (एक वर्ष पूर्व 32 प्रतिशत)। इस गिरावट का मुख्य कारण यूके, जर्मनी और स्पेन से आरएमजी कॉटन की खरीद कम होना था। अमरीकी वाणिज्य विभाग, वस्त्र और परिधान कार्यालय के अनुसार, अप्रैल-अगस्त 2006 के दौरान भारत का वस्त्र और परिधान का निर्यात अमरीकी डॉलर के संदर्भ में 11 प्रतिशत बढ़ा (एक वर्ष पूर्व 27 प्रतिशत) जबकि मात्रा के संदर्भ में 17 प्रतिशत बढ़ा (एक वर्ष पूर्व 19 प्रतिशत) ।


रत्न और आभूषणों के निर्यात में अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान कमी आई जिसका कारण अमरिका, हांग कांग, बेल्जियम, इजरायल और जापान बाजारों से मांग कम होना था। रत्न और आभूषण निर्यात संवर्धन परिषद के अनुसार अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान रत्न और आभूषणों के निर्यात में 6 प्रतिशत कमी आई जिसका मुख्य कारण तराशे और पॉलिश किए हुए हीरों के निर्यात में 16 प्रतिशत की गिरावट आना था।

अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान पेट्रोलियम उत्पादों में 125 प्रतिशत वृद्धि हुई जो कीमत और मात्रा- दोनों की दृष्टि से वृद्धि दर्शाती है। मात्रा की दृष्टि से, अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान पेट्रोलियम के निर्यात में 66 प्रतिशत की वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 19 प्रतिशत)। सिंगापुर और यूएइ मुख्य बाजार थे और पेट्रोलियम उत्पादों की कुल निर्यात वृद्धि में उनका संयुक्त हिस्सा 56 प्रतिशत था।

कुल निर्यात वृद्धि में पेट्रोलियम उत्पादों और कृषि तथा संबंधित उत्पादों का योगदान एक वर्ष पूर्व की तुलना में बढ़ गया, वहीं अन्य वस्तु समूहों का हिस्सा कम हो गया। यह कमी रत्न और आभूषणों के मामले में बहुत अधिक थी जिन्होंने एक वर्ष पूर्व के 12 प्रतिशत की तुलना में अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान 0.08 प्रतिशत का ऋणात्मक योगदान किया। रसायन और वस्त्र के संबंधित निष्पादन में भी गिरावट आई, जबकि अभियांत्रिकी उत्पादों ने निर्यात वृद्धि में अपना महत्व बनाए रखा (चार्ट 2)।

गंतव्यवार, अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान ओपेक देशों को हुआ निर्यात 58 प्रतिशत की तेज गति से बढ़ा। यूएइ को होनेवाले निर्यात में 72 प्रतिशत वृद्धि हुई जिससे कुल निर्यात में उसका हिस्सा बढ़कर 10 प्रतिशत हो गया (एक वर्ष पूर्व 8 प्रतिशत)। अमरीका, जो कि भारतीय निर्यात का सबसे बड़ा बाजार है, को हुए निर्यात की वृद्धि की गति बनी रही अन्य मुख्य बाजारों में, चीन और सिंगापुर को हुए निर्यात में भी वृद्धि हुई हालांकि उसकी दर कम थी (विवरण 4)।

**चार्ट 2 : निर्यात वृद्धि में चुनिंदा वस्तुओं का योगदान (अप्रैल-अगस्त)**



### आयात

अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान कुल आयात में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई जबकि एक वर्ष पूर्व 47 प्रतिशत वृद्धि हुई थी। अप्रैल-जुलाई 2006 के वस्तुवार डाटा से पता चलता है कि आयात वृद्धि में गिरावट का मुख्य कारण सोने, चांदी, मोती तथा मूल्यवान और अर्धमूल्यवान पत्थरों के आयात में कमी आना था। अन्य घटकों में उच्च वृद्धि दर्ज हुई।

### तेल आयात

अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट के आयात में 37 प्रतिशत वृद्धि हुई जिसने अंतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की कीमतों के साथ ही मात्रा में वृद्धि का प्रभाव दर्शाया। कच्चे तेल की औसत कीमत (भारतीय समूह 1) में अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान 25.3 प्रतिशत की वर्ष-दर-वर्ष वृद्धि दर्ज हुई (सारणी ख)। मात्रात्मक संदर्भ में, अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान तेल आयात में 19 प्रतिशत वृद्धि हुई जबकि एक वर्ष पूर्व 3 प्रतिशत गिरावट आई थी। पेट्रोलियम, तेल और लुब्रिकेंट के आयात में वृद्धि पेट्रोलियम उत्पादों की निर्यात वृद्धि के अनुरूप थी। पेट्रोलियम आयोजना और विश्लेषण कक्ष के अनुसार पेट्रोलियम उत्पादों के घरेलू उत्पादन में अप्रैल-अगस्त 2006 के दौरान 12 प्रतिशत वृद्धि हुई जबकि घरेलू उपभोग 2 प्रतिशत बढ़ा।

### तेल से इतर आयात

अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान तेल से इतर के आयात की वृद्धि एक वर्ष पूर्व के 48 प्रतिशत से कम होकर 11 प्रतिशत रह गई जो सोने और चांदी ( 32 प्रतिशत), मोती, मूल्यवान और अर्ध मूल्यवान पत्थरों (32 प्रतिशत) के आयात में आई गिरावट से प्रभावित थी। इन दो मदों से भिन्न तेल से इतर की मदों का आयात अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान 29 प्रतिशत बढ़ा (एक वर्ष पूर्व 50 प्रतिशत)।

**सारणी ख: कच्चे तेल की कीमतों की प्रवृत्ति**

(यू एस$/बैरल)

| वर्ष | दुबई | यू के ब्रेंट | यू एस-डब्ल्यू टी आइ | भारतीय समूह |
|---|---|---|---|---|
| 1995-96 | 16.2 | 17.5 | 18.8 | 16.7 |
| 2000-01 | 25.9 | 28.1 | 30.3 | 26.8 |
| 2001-02 | 21.8 | 23.2 | 24.1 | 22.4 |
| 2002-03 | 25.9 | 27.6 | 29.2 | 26.6 |
| 2003-04 | 26.9 | 29.0 | 31.4 | 27.8 |
| 2004-05 | 36.4 | 42.2 | 45.0 | 38.9 |
| 2005-06 | 53.4 | 58.0 | 59.9 | 55.3 |
| सितंबर-05 | 56.5 | 63.0 | 65.5 | 59.2 |
| सितंबर-06 | 59.8 | 62.8 | 63.8 | 61.0 |
| अप्रै-सितं 2005 (औसत) | 51.5 | 56.6 | 58.1 | 53.6 |
| अप्रै-सितं 2006 (औसत) | 65.3 | 69.9 | 70.4 | 67.2 |

**स्रोत :** विश्व मुद्रा कोष, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी, विश्व बैंक की कमोडिटी प्राईज पिंक शीट सितंबर 2006।

पूंजीगत माल ने अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान 40 प्रतिशत वृद्धि दर्ज की जबकि एक वर्ष पूर्व दर्ज वृद्धि का सर्वोच्च स्तर 51 प्रतिशत था। इसके साथ ही पूंजीगत माल के घरेलू उत्पादन ने भी अप्रैल-अगस्त 2006 के दौरान 19 प्रतिशत की तेज वृद्धि दर्ज की (एक वर्ष पूर्व 14 प्रतिशत) और औद्योगिक गतिविधियों में तेजी दर्शाई।

### व्यापार घाटा

तेल आयात में वृद्धि होने के मुख्य कारण से व्यापार घाटा एक वर्ष पहले के 22.3 बिलियन अमरीकी डॉलर से बढ़कर अप्रैल-सितंबर 2006 के दौरान 24.6 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया (विवरण 2)। तेल से भिन्न का व्यापार घाटा 26 प्रतिशत कम होकर अप्रैल-जुलाई 2006 के दौरान 3.5 बिलियन अमरीकी डॉलर रह गया, जबकि तेल खाते का घाटा उक्त अवधि में 23 प्रतिशत बढ़कर 12.3 बिलियन अमरीकी डॉलर हो गया।

### वैश्विक गतिविधियां

2006 की दूसरी तिमाही में वैश्विक अर्थव्यवस्था में धीमापन आया क्योंकि अमरीका और जापान वृद्धि कम हो गई थी। अमरीका में वास्तविक जीडीपी 2006 की दूसरी तिमाही में 2.6 प्रतिशत की वार्षिक दर पर बढ़ी जबकि पहली तिमाही में उक्त प्रतिशत 5.6 था। वैसे ही, जापान में वास्तविक जीडीपी पहली तिमाही के 3.6 प्रतिशत से कम होकर 2 प्रतिशत रह गई। तथापि, यूरो क्षेत्र में वास्तविक जीडीपी 2006 की दूसरी तिमाही में 2.6 प्रतिशत की वार्षिक दर पर बढ़ी (2006 की पहली तिमाही में 2.1 प्रतिशत) और इस प्रकार उसने अपना वृद्धि संवेग बनाए रखा।

व्यापार के मामले में, 2006 की दूसरी तिमाही में लगभग सभी क्षेत्रों में वृद्धि संवेग बना रहा (सारणी ग)। प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में निर्यात और आयात बढ़ा।

**सारणी ग: विश्व व्यापार में वृद्धि (मात्रा)**

(प्रतिशत परिवर्तन)

| क्षेत्र | निर्यात | | आयात | |
|---|---|---|---|---|
| | 1 ति. | 2 ति. | 1 ति. | 2 ति. |
| विश्व | 11.5 | 13.9 | 12.0 | 13.1 |
| औद्योगिक देश | 8.2 | 11.7 | 10.2 | 12.4 |
| यूरो क्षेत्र | 2.5 | 9.3 | 2.3 | 8.6 |
| विकासशील देश | 16.1 | 16.9 | 15.1 | 14.3 |
| तेल से भिन्न विकासशील देश | 18.5 | 18.2 | 16.8 | 15.4 |
| एशिया | 18.0 | 18.0 | 16.5 | 14.5 |

**स्रोत** : आइ एम एफ, अंतरराष्ट्रीय वित्तीय सांख्यिकी।

1 भारतीय समूह में दुबई क्रूड द्वारा निर्धारित 58 प्रतिशत समुद्री (सोर) किस्में और यूके ब्रेंट क्रूड द्वारा निर्धारित 42 प्रतिशत गैर समुद्री (स्वीट) किस्में शामिल हैं।

यूएस ब्यूरो ऑफ इकॉनॉमिक एनालिजिस के अनुसार, अमरीका में जनवरी-अगस्त 2006 के दौरान निर्यात 14.1 प्रतिशत बढ़ा (एक वर्ष पूर्व 11.2 प्रतिशत), जबकि आयात में 13.9 प्रतिशत वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 13.6 प्रतिशत)। यूरो स्टैट के अनुसार, जनवरी-अगस्त 2006 के दौरान यूरो क्षेत्र से निर्यात 17 प्रतिशत बढ़ा (एक वर्ष पूर्व 12 प्रतिशत)।


जापान के वित्त मंत्रालय के अनुसार, जापान से निर्यात में जनवरी-जुलाई 2006 के दौरान 16 प्रतिशत की जबरदस्त वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 32 प्रतिशत) और आयात में 23 प्रतिशत वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 16 प्रतिशत)।

उभरते एशिया में जनवरी-अगस्त 2006 के दौरान चीन में उच्च वृद्धि गति बनी रही जिसमें निर्यात में 26 प्रतिशत वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 32 प्रतिशत) और आयात में 22 प्रतिशत वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 15 प्रतिशत)। वैसे ही, जनवरी-अगस्त 2006 के दौरान थाईलैंड के निर्यात में 17 प्रतिशत वृद्धि हुई (एक वर्ष पूर्व 15 प्रतिशत)।

## *वस्तुओं की कीमतें*

तेल की कीमतों में 9 अगस्त 2006 के ऐतिहासिक उच्चांक के बाद कुछ कमी आई (चार्ट 3)। अतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की औसत किमतें (जिसमें दुबई क्रूड, यूके ब्रेंट क्रूड और वेस्ट टेक्सास क्रूड शामिल है) सितंबर 2006 में प्रति बैरल 62.1 अमरीकी डॉलर हो गईं जो एक माह पूर्व की कीमतों से 13 प्रतिशत कम थीं। अद्यतन आंकड़ों के अनुसार, अक्तूबर (20 अक्तूबर तक) के दौरान अतरराष्ट्रीय कच्चे तेल की औसत किमतें प्रति बैरल 58 अमरीकी डॉलर थीं ।

**चार्ट 3 : कच्चे तेल की औसत अंतरराष्ट्रीय कीमतों की प्रवृत्ति**




पेट्रोलियम निर्यातक देशों के संगठन (ओपेक) की मासिक तेल बाजार रिपोर्ट, अक्तूबर 2006 के अनुसार, मध्य पूर्व में तनाव कम होने के साथ-साथ ओपेक से आपूर्ति निरंतर बनी रहने, स्टॉक के उच्च स्तर और वैश्विक, विशेष रूप से अमरीका में आर्थिक संभावना संबंधी अनिश्चितता के कारण कीमतें कम रहीं।

ऊर्जेतर वस्तुओं की कीमतें भी सितंबर 2006 के दौरान कम हो गई। यह गिरावट कच्चे माल के संबंध में अधिक थी जो पिछले माह की तुलना में 6 प्रतिशत कम हो गई थी। वैसे ही, कृषि माल में भी सितंबर 2006 में पिछले माह के स्तर की तुलना में 3 प्रतिशत गिरावट हुई।

## विवरण 1 : सितंबर 2006 में भारत का विदेश व्यापार

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| **करोड़ रु.** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 31,894 | 2,961 | 28,933 | 43,422 | 11,871 | 31,551 | -11,528 | -8,910 | -2,618 |
| 2005-06 सं | 37,110<br>(16.4) | 4,554<br>(53.8) | 32,555<br>(12.5) | 55,025<br>(26.7) | 17,778<br>(49.8) | 37,247<br>(18.1) | -17,915 | -13,224 | -4,691 |
| 2006-07 अ | 47,511<br>(28.0) | .. | .. | 72,094<br>(31.0) | 23,481<br>(32.1) | 48,613<br>(30.5) | -24,583 | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 6,919 | 642 | 6,277 | 9,420 | 2,575 | 6,845 | -2,501 | -1,933 | -568 |
| 2005-06 सं | 8,450<br>(22.1) | 1,037<br>(61.4) | 7,413<br>(18.1) | 12,530<br>(33.0) | 4,048<br>(57.2) | 8,482<br>(23.9) | -4,079 | -3,011 | -1,068 |
| 2006-07 अ | 10,302<br>(21.9) | .. | .. | 15,633<br>(24.8) | 5,092<br>(25.8) | 10,541<br>(24.3) | -5,331 | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-05 | 4,725 | 439 | 4,286 | 6,433 | 1,759 | 4,674 | -1,708 | -1,320 | -388 |
| 2005-06 सं | 5,763<br>(22.0) | 707<br>(61.2) | 5,056<br>(18.0) | 8,546<br>(32.8) | 2,761<br>(57.0) | 5,785<br>(23.8) | -2,782 | -2,054 | -729 |
| 2006-07 अ | 6,953<br>(20.6) | .. | .. | 10,550<br>(23.5) | 3,436<br>(24.5) | 7,114<br>(23.0) | -3,598 | | |

अ : अनंतिम सं : संशोधित .. अनुपलब्ध

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े पिछली तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 2 : भारत का विदेश व्यापार

| वर्ष | निर्यात | | | आयात | | | व्यापार संतुलन | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर | कुल | तेल | तेल से इतर |
| **अप्रैल - मार्च करोड़ रु.** | | | | | | | | | |
| 2003-2004 | 293,367 | 16,397 | 276,969 | 359,108 | 94,520 | 264,588 | -65,741 | -78,123 | 12,382 |
| | (15.0) | (31.5) | (14.1) | (20.8) | (10.7) | (24.9) | | | |
| 2004-2005 सं | 375,340 | 31,404 | 343,935 | 501,065 | 134,094 | 366,971 | -125,725 | -102,690 | -23,035 |
| | (27.9) | (91.5) | (24.2) | (39.5) | (41.9) | (38.7) | | | |
| 2005-2006 अ | 456,418 | 51,030 | 405,388 | 660,409 | 194,640 | 465,769 | -203,991 | -143,610 | -60,381 |
| | (21.6) | (62.5) | (17.9) | (31.8) | (45.2) | (26.9) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2003-2004 | 63,843 | 3,568 | 60,274 | 78,149 | 20,569 | 57,580 | -14,307 | -17,001 | 2,694 |
| | (21.1) | (38.5) | (20.2) | (27.3) | (16.6) | (31.5) | | | |
| 2004-2005 सं | 83,536 | 6,989 | 76,547 | 111,517 | 29,844 | 81,673 | -27,981 | -22,855 | -5,127 |
| | (30.8) | (95.9) | (27.0) | (42.7) | (45.1) | (41.8) | | | |
| 2005-2006 अ | 103,091 | 11,526 | 91,564 | 149,166 | 43,963 | 105,203 | -46,075 | -32,437 | -13,638 |
| | (23.4) | (64.9) | (19.6) | (33.8) | (47.3) | (28.8) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2003-2004 | 44,663 | 2,496 | 42,167 | 54,672 | 14,390 | 40,282 | -10,009 | -11,894 | 1,885 |
| | (12.3) | (28.4) | (11.4) | (18.0) | (8.1) | (21.9) | | | |
| 2004-2005 सं | 56,081 | 4,692 | 51,389 | 74,866 | 20,036 | 54,830 | -18,785 | -15,343 | -3,442 |
| | (25.6) | (88.0) | (21.9) | (36.9) | (39.2) | (36.1) | | | |
| 2005-2006 अ | 70,774 | 7,913 | 62,861 | 102,405 | 30,182 | 72,224 | -31,632 | -22,269 | -9,363 |
| | (26.2) | (68.6) | (22.3) | (36.8) | (50.6) | (31.7) | | | |
| **अप्रैल - सितंबर करोड़ रु.** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 163,878 | 13,325 | 150,553 | 219,104 | 66,398 | 152,706 | -55,227 | -53,073 | -2,153 |
| 2005-2006 सं | 210,773 | 21,216 | 189,557 | 307,946 | 91,452 | 216,494 | -97,173 | -70,236 | -26,937 |
| | (28.6) | (59.2) | (25.9) | (40.5) | (37.7) | (41.8) | | | |
| 2006-2007 अ | 272,597 | .. | .. | 385,566 | 131,695 | 253,872 | -112,970 | | |
| | (29.3) | | | (25.2) | (44.0) | (17.3) | | | |
| **मिलियन अमरीकी डॉलर** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 35,995 | 2,927 | 33,068 | 48,125 | 14,584 | 33,541 | -12,130 | -11,657 | -473 |
| 2005-2006 सं | 48,289 | 4,861 | 43,428 | 70,552 | 20,952 | 49,600 | -22,263 | -16,091 | -6,171 |
| | (34.2) | (66.1) | (31.3) | (46.6) | (43.7) | (47.9) | | | |
| 2006-2007 अ | 59,363 | .. | .. | 83,964 | 28,679 | 55,285 | -24,601 | | |
| | (22.9) | | | (19.0) | (36.9) | (11.5) | | | |
| **मिलियन विशेष आहरण अधिकार** | | | | | | | | | |
| 2004-2005 | 24,602 | 2,000 | 22,602 | 32,893 | 9,968 | 22,925 | -8,291 | -7,968 | -323 |
| 2005-2006 सं | 32,707 | 3,292 | 29,415 | 47,786 | 14,191 | 33,595 | -15,079 | -10,899 | -4,180 |
| | (32.9) | (64.6) | (30.1) | (45.3) | (42.4) | (46.5) | | | |
| 2006-2007 अ | 40,168 | .. | .. | 56,815 | 19,406 | 37,409 | -16,647 | | |
| | (22.8) | | | (18.9) | (36.7) | (11.4) | | | |

अ : अनंतिम। सं : संशोधित। .. अनुपलब्ध।

**टिप्पणी :** 1. कोष्ठक के आंकड़े पिछले वर्ष की तदनुरूपी अवधि की तुलना में प्रतिशत घट-बढ़ से संबंधित हैं।
2. अवधि की औसत विनिमय दर का प्रयोग करते हुए आंकड़ों का परिवर्तन किया गया है।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 3: भारत से मुख्य वस्तुओं का निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जुलाई | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. प्राथमिक उत्पाद** | **3,587.5** | **4,845.1** | **5,762.2** | **35.1** | **18.9** |
| | **(15.5)** | **(15.6)** | **(14.5)** | | |
| **क. कृषि और संबद्ध उत्पाद** | **2,527.2** | **3,001.2** | **3,700.9** | **18.8** | **23.3** |
| *जिसमें से :* | **(10.9)** | **(9.7)** | **(9.3)** | | |
| 1. चाय | 118.3 | 114.6 | 132.3 | -3.1 | 15.5 |
| 2. कॉफी | 88.9 | 133.6 | 160.1 | 50.3 | 19.9 |
| 3. चावल | 344.3 | 460.6 | 397.0 | 33.8 | -13.8 |
| 4. गेहूं | 177.5 | 99.5 | 5.1 | -43.9 | -94.9 |
| 5. अपशेष सहित कच्ची रूई | 46.2 | 108.8 | 289.4 | 135.7 | 165.9 |
| 6. तंबाकू | 89.7 | 86.5 | 124.8 | -3.6 | 44.3 |
| 7. सीएनएसएल सहित काजू | 150.3 | 222.7 | 186.8 | 48.2 | -16.1 |
| 8. मसाले | 142.3 | 149.5 | 191.1 | 5.1 | 27.8 |
| 9. खली | 282.9 | 216.9 | 226.1 | -23.3 | 4.2 |
| 10. समुद्री उत्पाद | 331.3 | 452.9 | 441.5 | 36.7 | -2.5 |
| 11. चीनी और खांडसारी | 13.7 | 11.2 | 470.4 | -17.9 | 4091.8 |
| **ख. अयस्क और खनिज** | **1,060.3** | **1,843.9** | **2,061.3** | **73.9** | **11.8** |
| *जिसमें से :* | **(4.6)** | **(5.9)** | **(5.2)** | | |
| 1. लौह अयस्क | 594.6 | 1,154.3 | 1,087.0 | 94.1 | -5.8 |
| 2. प्रसंस्करित खनिज | 239.4 | 317.3 | 502.5 | 32.5 | 58.4 |
| **II. विनिर्मित वस्तुएं** | **17,118.2** | **22,284.9** | **26,119.6** | **30.2** | **17.2** |
| *जिसमें से :* | **(73.8)** | **(71.9)** | **(65.8)** | | |
| **क. चमड़ा और उससे बनी वस्तुएं** | **741.2** | **877.2** | **892.9** | **18.4** | **1.8** |
| **ख. रसायन और संबद्ध उत्पाद** | **3,459.6** | **4,478.9** | **5,314.9** | **29.5** | **18.7** |
| 1. मूलभूत रसायन, दवाइयां और प्रसाधन सामग्री | 1,981.7 | 2,673.1 | 3,336.2 | 34.9 | 24.8 |
| 2. प्लास्टिक और लिनोलियम | 869.5 | 989.3 | 978.2 | 13.8 | -1.1 |
| 3. रबड़, कांच, रंग और एनामेल आदि, | 481.1 | 616.3 | 744.5 | 28.1 | 20.8 |
| 4. अवशिष्ट रसायन और संबद्ध | 127.3 | 200.3 | 256.0 | 57.3 | 27.8 |
| **ग. इंजीनियरिंग वस्तुएं** | **4,627.4** | **6,667.2** | **8,921.8** | **44.1** | **33.8** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. धातु से विनिर्मित | 912.1 | 1,300.1 | 1,544.3 | 42.5 | 18.8 |
| 2. मशीन और उपकरण | 996.2 | 1,501.8 | 2,080.9 | 50.8 | 38.6 |
| 3. परिवहन उपस्कर | 852.6 | 1,546.4 | 1,716.8 | 81.4 | 11.0 |
| 4. लोहा और इस्पात | 882.8 | 1,116.7 | 1,460.6 | 26.5 | 30.8 |
| 5. इलेक्ट्रॉनिक वस्तुएं | 572.1 | 595.2 | 874.9 | 4.0 | 47.0 |
| **घ. वस्त्र और वस्त्र से बने उत्पाद** | **4,102.1** | **5,013.3** | **5,726.5** | **22.2** | **14.2** |
| 1. सूती धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं, आदि, | 1,047.5 | 1,197.8 | 1,363.0 | 14.3 | 13.8 |
| 2. प्राकृतिक रेशमी धागा, कपड़ा, उससे बनी हुई वस्तुएं (सिल्क कतरन सहित) | 125.2 | 144.9 | 142.2 | 15.7 | -1.9 |
| 3. कृत्रिम धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुए | 609.5 | 581.3 | 666.9 | -4.6 | 14.7 |
| 4. मानव निर्मित स्टेपल फ्रैब्रिक | 14.2 | 23.0 | 44.2 | 62.1 | 92.2 |
| 5. ऊनी धागा, कपड़ा, उससे बनी वस्तुएं आदि | 19.5 | 27.6 | 29.0 | 41.8 | 5.0 |
| 6. तैयार कपड़े | 2,016.5 | 2,654.7 | 3,042.9 | 31.6 | 14.6 |
| 7. जूट और जूट विनिर्माण | 78.1 | 102.3 | 97.6 | 30.9 | -4.6 |
| 8. कॉयर और कॉयर उत्पाद | 29.6 | 40.7 | 44.8 | 37.5 | 10.1 |
| 9. कार्पेट | 162.0 | 241.0 | 296.0 | 48.8 | 22.8 |
| (अ) हस्त निर्मित कार्पेट | 157.0 | 236.5 | 291.0 | 50.6 | 23.0 |
| (ब) मिल में निर्मित कार्पेट | 0.0 | 0.0 | 0.0 | | |
| (क) रेशमी कार्पेट | 5.0 | 4.5 | 5.0 | -8.7 | 11.2 |
| **ङ. रत्न और आभूषण** | **3,827.8** | **4,775.0** | **4,768.1** | **24.7** | **-0.1** |
| **च. हस्त शिल्प** | **126.1** | **162.3** | **118.5** | **28.7** | **-27.0** |
| **III. पेट्रोलियम उत्पाद** | **1,788.6** | **2,898.4** | **6,527.8** | **62.0** | **125.2** |
| | **(7.7)** | **(9.3)** | **(16.4)** | | |
| **IV. अन्य** | **710.3** | **986.8** | **1,275.9** | **38.9** | **29.3** |
| | **(3.1)** | **(3.2)** | **(3.2)** | | |
| **कुल निर्यात** | **23,204.6** | **31,015.2** | **39,685.4** | **33.7** | **28.0** |

अ : अनंतिम।

**टिप्पणी** : कोष्ठक के आंकड़े कुल निर्यात में उस अवधि के प्रतिशत अंश से संबंधित हैं।

**स्रोत** : वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 4: भारतीय विदेशी व्यापार की दिशा - निर्यात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| समूह / देश | अप्रैल-जुलाई | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **10,450.1** | **13,768.5** | **15,997.4** | **31.8** | **16.2** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **4,883.0** | **6,911.9** | **7,684.1** | **41.6** | **11.2** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेल्जियम | 718.3 | 845.2 | 957.9 | 17.7 | 13.3 |
| 2. फ्रान्स | 560.1 | 787.2 | 780.8 | 40.5 | -0.8 |
| 3. जर्मनी | 838.7 | 1,078.1 | 1,248.7 | 28.5 | 15.8 |
| 4. इटली | 609.7 | 776.5 | 1,046.6 | 27.3 | 34.8 |
| 5. नीदरलैंड | 395.8 | 704.9 | 624.3 | 78.1 | -11.4 |
| 6. ब्रिटेन | 983.1 | 1,596.9 | 1,742.5 | 62.4 | 9.1 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **4,348.1** | **5,303.6** | **6,365.9** | **22.0** | **20.0** |
| 1. कनाडा | 255.9 | 324.2 | 371.5 | 26.7 | 14.6 |
| 2. अमरीका | 4,092.2 | 4,979.4 | 5,994.4 | 21.7 | 20.4 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **795.7** | **1,116.2** | **1,448.1** | **40.3** | **29.7** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 194.5 | 253.8 | 276.1 | 30.5 | 8.8 |
| 2. जापान | 576.1 | 796.9 | 755.9 | 38.3 | -5.1 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **423.2** | **436.9** | **499.3** | **3.2** | **14.3** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. स्विट्ज़रलैंड | 163.3 | 146.0 | 135.0 | -10.6 | -7.5 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **3,672.6** | **4,309.1** | **6,825.0** | **17.3** | **58.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 363.3 | 400.8 | 624.0 | 10.3 | 55.7 |
| 2. ईरान | 343.7 | 283.1 | 572.8 | -17.7 | 102.4 |
| 3. इराक | 36.9 | 31.6 | 74.2 | -14.5 | 135.0 |
| 4. कुवैत | 144.8 | 166.0 | 189.7 | 14.6 | 14.2 |
| 5. सऊदी अरब | 433.4 | 581.6 | 738.1 | 34.2 | 26.9 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 2,078.3 | 2,384.6 | 4,094.7 | 14.7 | 71.7 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **550.2** | **602.6** | **725.8** | **9.5** | **20.4** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. रूमानिया | 26.2 | 34.2 | 46.0 | 30.9 | 34.3 |
| 2. रूस | 190.3 | 227.5 | 260.5 | 19.6 | 14.5 |
| **IV. विकासशील देश** | **8,421.0** | **12,270.1** | **16,065.1** | **45.7** | **30.9** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| **क. एशिया** | **6,764.0** | **9,576.5** | **12,212.2** | **41.6** | **27.5** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **1,324.6** | **1,737.3** | **2,289.6** | **31.2** | **31.8** |
| 1. बांग्ला देश | 454.7 | 542.6 | 518.9 | 19.3 | -4.4 |
| 2. भूतान | 32.4 | 36.3 | 20.4 | - | -43.8 |
| 3. मालदीव | 11.9 | 20.1 | 20.5 | 67.9 | 2.1 |
| 4. नेपाल | 249.8 | 264.0 | 315.7 | 5.7 | 19.6 |
| 5. पाकिस्तान | 167.3 | 197.2 | 566.3 | 17.9 | 187.2 |
| 6. श्रीलंका | 408.4 | 677.2 | 847.8 | 65.8 | 25.2 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **5,439.4** | **7,839.2** | **9,922.6** | **44.1** | **26.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 1,066.4 | 1,924.0 | 2,375.2 | 80.4 | 23.5 |
| 2. हांगकांग | 1,079.0 | 1,417.3 | 1,395.4 | 31.4 | -1.5 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 316.3 | 457.4 | 562.1 | 44.6 | 22.9 |
| 4. मलेशिया | 369.6 | 313.2 | 360.7 | -15.2 | 15.2 |
| 5. सिंगापुर | 1,121.4 | 1,904.4 | 2,482.6 | 69.8 | 30.4 |
| 6. थाइलैंड | 232.3 | 317.8 | 467.5 | 36.8 | 47.1 |
| **ख. अफ्रीका** | **1,129.4** | **1,651.5** | **2,676.0** | **46.2** | **62.0** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. बेनिन | 12.0 | 32.6 | 35.4 | 172.5 | 8.5 |
| 2. इजिप्त अरब गणराज्य | 124.4 | 209.6 | 205.5 | 68.5 | -2.0 |
| 3. केनिया | 74.8 | 170.1 | 539.8 | 127.2 | 217.4 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 296.2 | 388.0 | 760.8 | 31.0 | 96.1 |
| 5. सूडान | 47.9 | 112.7 | 145.0 | 135.3 | 28.7 |
| 6. तंजानिया | 53.1 | 59.5 | 90.3 | 12.0 | 51.8 |
| 7. जांबिया | 12.0 | 21.5 | 45.4 | 78.5 | 111.4 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **527.6** | **1,042.1** | **1,176.9** | **97.5** | **12.9** |
| **V. अन्य** | **20.8** | **34.0** | **32.7** | **63.3** | **-3.8** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **89.9** | **30.9** | **39.3** | **-65.6** | **27.** |
| **कुल निर्यात** | **23,204.6** | **31,015.2** | **39,685.4** | **33.7** | **28.0** |

अ : अनंतिम।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय।

## विवरण 5: भारत में मुख्य वस्तुओं के आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-अगस्त | | | प्रतिशत घट-बढ़ | |
|---|---|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ | (3)/(2) | (4)/(3) |
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| **I. थोक आयात** | **12,872.8** | **18,353.0** | **26,210.4** | **42.6** | **42.8** |
| | **(41.6)** | **(40.1)** | **(47.2)** | | |
| **क. पेट्रोलियम, पेट्रोलियम के उत्पाद और संबद्ध सामग्री** | **9,479.8** | **12,939.3** | **18,836.1** | **36.5** | **45.6** |
| | **(30.6)** | **(28.3)** | **(33.9)** | | |
| **ख. थोक उपभोग वस्तुएं** | **884.6** | **854.2** | **961.6** | **-3.4** | **12.6** |
| 1. गेहूं | 0.0 | 0.0 | 0.0 | - | - |
| 2. अनाज और अनाज से निर्मित पदार्थ | 8.2 | 10.1 | 13.8 | 22.5 | 37.1 |
| 3. खाद्य तेल | 737.6 | 655.2 | 776.2 | -11.2 | 18.5 |
| 4. दाल | 128.8 | 137.6 | 171.3 | 6.8 | 24.6 |
| 5. चीनी | 9.9 | 51.3 | 0.2 | - | - |
| **ग. अन्य थोक मदें** | **2,508.5** | **4,559.6** | **6,412.7** | **81.8** | **40.6** |
| 1. उर्वरक | 258.0 | 546.0 | 757.1 | 111.6 | 38.7 |
| क) कच्चा माल | 77.3 | 105.6 | 114.0 | 36.7 | 7.9 |
| ख) सल्फर और अनरोस्टेट आयरन पाइराइटस् | 30.8 | 42.4 | 29.6 | 37.9 | -30.2 |
| ग) विनिर्मित वस्तुएं | 150.0 | 397.9 | 613.5 | 165.3 | 54.2 |
| 2. अलौह धातु | 342.1 | 558.5 | 822.9 | 63.2 | 47.4 |
| 3. कागज, कागजी बोर्ड और न्यूजप्रिंट सहित विनिर्मित सामग्री | 195.0 | 324.1 | 411.8 | 66.2 | 27.1 |
| 4. कच्चा रबड़, कृत्रिम और द्वितीय श्रेणी उत्पाद सहित | 123.9 | 151.5 | 197.0 | 22.3 | 30.0 |
| 5. लुगदी और रद्दी कागज | 144.7 | 186.1 | 209.2 | 28.6 | 12.4 |
| 6. धातुमय कच्ची अयस्क और रद्दी धातु | 710.3 | 1,171.3 | 2,140.7 | 64.9 | 82.8 |
| 7. लौह और इस्पात | 734.5 | 1,622.2 | 1,874.0 | 120.9 | 15.5 |
| **II. थोक से इतर आयात** | **18,098.1** | **27,433.2** | **29,331.8** | **51.6** | **6.9** |
| | **(58.4)** | **(59.9)** | **(52.8)** | | |
| **क. पूंजीगत वस्तुएं** | **6,016.7** | **9,104.2** | **12,781.3** | **51.3** | **40.4** |
| 1. धातु से निर्मित | 252.7 | 394.4 | 454.8 | 56.1 | 15.3 |
| 2. मशीन - औजार | 154.5 | 291.6 | 376.0 | 88.7 | 29.0 |
| 3. इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर मशीनें | 1,697.7 | 2,913.3 | 4,134.0 | 71.6 | 41.9 |
| 4. इलेक्ट्रॉनिक्स को छोड़कर इलेक्ट्रिकल मशीनें | 344.4 | 450.3 | 607.9 | 30.8 | 35.0 |
| 5. कंप्यूटर सॉफ्टवेयर सहित इलेक्ट्रॉनिक | 3,015.2 | 3,932.3 | 5,334.6 | 30.4 | 35.7 |
| 6. परिवहन के साधन | 428.0 | 845.0 | 1,244.6 | 97.4 | 47.3 |
| 7. परियोजना वस्तुएं | 124.3 | 277.5 | 629.4 | 123.3 | 126.8 |
| **ख. मुख्यत: निर्यात से संबद्ध मदें** | **4,613.2** | **6,796.5** | **6,004.2** | **47.3** | **-11.7** |
| 1. मोती, बहुमूल्य और कम बहुमूल्य रत्न | 2,636.3 | 3,735.2 | 2,545.2 | 41.7 | -31.9 |
| 2. रसायन, आर्गेनिक और इनऑर्गेनिक | 1,435.0 | 2,217.6 | 2,564.9 | 54.5 | 15.7 |
| 3. टेक्सटाइल यार्न, फैब्रिक, आदि | 416.6 | 653.6 | 734.8 | 56.9 | 12.4 |
| 4. काजू, कच्चा माल | 125.4 | 190.1 | 159.4 | 51.7 | -16.2 |
| **ग. अन्य** | **7,468.1** | **11,532.5** | **10,546.4** | **54.4** | **-8.6** |
| *जिसमें से :* | | | | | |
| 1. सोना और चांदी | 3,111.9 | 5,422.9 | 3,666.2 | 74.3 | -32.4 |
| 2. कृत्रिम राल (रेजिन) और प्लास्टिक सामग्री | 402.1 | 672.5 | 838.4 | 67.2 | 24.7 |
| 3. इलेक्ट्रिकल को छोड़कर व्यावसायिक उपकरण | 443.3 | 608.0 | 746.3 | 37.1 | 22.8 |
| 4. कोयला, कोक और ब्रिकेट आदि | 962.3 | 1,224.4 | 1,402.8 | 27.2 | 14.6 |
| 5. औषधीय और भेषज उत्पाद | 232.9 | 294.9 | 368.6 | 26.6 | 25.0 |
| 6. रासायनिक सामग्री और उत्पाद | 247.0 | 320.9 | 463.1 | 29.9 | 44.3 |
| 7. अधात्विक खनिज विनिर्माण | 125.3 | 191.6 | 240.9 | 52.9 | 25.7 |
| **कुल आयात** | **30,970.9** | **45,786.3** | **55,542.3** | **47.8** | **21.3** |
| **ज्ञापन मदें** | | | | | |
| **तेल से इतर आयात** | **21,491.1** | **32,847.0** | **36,706.2** | **52.8** | **11.7** |
| **सोने और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात** | **18,379.3** | **27,424.1** | **33,040.0** | **49.2** | **20.5** |
| **मुख्यत: औद्योगिक निविष्टियां *** | **16,901.4** | **25,564.1** | **30,718.6** | **51.3** | **20.2** |

अ : अनंतिम।

**टिप्पणी :** कोष्ठक के आंकड़े उस अवधि की कुल आयात के प्रतिशत से संबंधित हैं।

* स्वर्ण और चांदी को छोड़कर तेल से इतर आयात, थोक उपभोग की वस्तुएं, विनिर्मित उर्वरक और व्यावसायिक उपकरण ।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।

## विवरण 6: भारतीय विदेशी व्यापार की दिशा - आयात

(मिलियन अमरीकी डॉलर)

| वस्तु समूह | अप्रैल-जुलाई | | |
|---|---|---|---|
| | 2004-05 | 2005-06 | 2006-07 अ |
| 1 | 2 | 3 | 4 |
| **I. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के देश** | **10,741.0** | **16,486.6** | **17,527.2** |
| **क. यूरोपीय संघ** | **5,185.8** | **7,491.0** | **8,100.0** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. बेल्जियम | 1,552.1 | 1,889.5 | 1,386.9 |
| 2. फ्रान्स | 344.9 | 484.4 | 619.4 |
| 3. जर्मनी | 1,011.2 | 1,860.1 | 2,333.0 |
| 4. इटली | 397.3 | 550.7 | 786.0 |
| 5. नीदरलैंड | 210.4 | 364.9 | 331.9 |
| 6. ब्रिटेन | 925.2 | 1,337.0 | 1,268.1 |
| **ख. उत्तर अमरीका** | **1,877.5** | **2,709.2** | **3,648.2** |
| 1. कनाडा | 156.6 | 268.4 | 335.4 |
| 2. अमरीका | 1,720.9 | 2,440.8 | 3,312.8 |
| **ग. एशिया और ओसीनिया** | **1,974.9** | **2,922.0** | **3,616.9** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. आस्ट्रेलिया | 1,075.9 | 1,768.7 | 2,048.1 |
| 2. जापान | 859.0 | 1,096.9 | 1,465.8 |
| **घ. आर्थिक सहयोग और विकास संगठन के अन्य देश** | **1,702.7** | **3,364.4** | **2,162.1** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. स्विट्ज़रलैंड | 1,637.0 | 3,244.2 | 1,969.9 |
| **II. पेट्रोलियम निर्यातक देशों का संगठन** | **2,516.1** | **3,717.4** | **18,313.3** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. इंडोनेशिया | 827.4 | 879.6 | 1,139.0 |
| 2. ईरान | 96.4 | 224.4 | 2,468.8 |
| 3. इराक | 0.4 | 0.7 | 1,878.1 |
| 4. कुवैत | 54.3 | 103.3 | 1,874.0 |
| 5. सऊदी अरब | 295.3 | 445.2 | 4,334.6 |
| 6. संयुक्त अरब अमीरात | 1,037.2 | 1,772.4 | 3,076.4 |
| **III. पूर्वी यूरोप** | **643.3** | **1,313.3** | **1,174.9** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. रूमानिया | 46.4 | 130.2 | 71.5 |
| 2. रूस | 330.1 | 656.8 | 495.2 |
| **IV. विकासशील देश** | **7,551.4** | **11,254.4** | **18,372.8** |
| *जिसमें से :* | | | |
| **क. एशिया** | **6,080.9** | **9,041.3** | **14,580.7** |
| **क) दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संघ** | **220.0** | **397.4** | **467.1** |
| 1. बांग्ला देश | 14.4 | 28.0 | 72.0 |
| 2. भूतान | 17.9 | 24.8 | 33.5 |
| 3. मालदीव | 0.1 | 0.6 | 0.8 |
| 4. नेपाल | 99.0 | 118.3 | 82.0 |
| 5. पाकिस्तान | 19.4 | 47.1 | 88.9 |
| 6. श्रीलंका | 69.2 | 178.6 | 189.9 |
| **ख) अन्य एशियाई विकासशील देश** | **5,860.9** | **8,643.9** | **14,113.6** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. चीन गणराज्य | 1,878.1 | 3,101.8 | 5,011.3 |
| 2. हांगकांग | 460.7 | 704.3 | 805.0 |
| 3. दक्षिण कोरिया | 930.7 | 1,296.0 | 1,447.1 |
| 4. मलेशिया | 631.1 | 763.4 | 1,648.1 |
| 5. सिंगापुर | 711.8 | 996.5 | 1,859.1 |
| 6. थाइलैंड | 215.9 | 388.6 | 510.6 |
| **ख. अफ्रीका** | **978.1** | **1,569.6** | **2,225.4** |
| *जिसमें से :* | | | |
| 1. बेनिन | 32.8 | 50.1 | 47.6 |
| 2. इजिप्त अरब गणराज्य | 46.1 | 92.8 | 630.9 |
| 3. केनिया | 14.8 | 17.4 | 17.7 |
| 4. दक्षिण अफ्रीका | 518.6 | 883.0 | 813.2 |
| 5. सूडान | 8.3 | 11.2 | 10.7 |
| 6. तंजानिया | 9.5 | 11.3 | 12.9 |
| 7. जांबिया | 5.7 | 14.6 | 11.0 |
| **ग. लैटिन अमरीकी देश** | **492.4** | **643.4** | **1,566.8** |
| **V. अन्य** | **2.7** | **10.1** | **28.5** |
| **VI. अविनिर्दिष्ट** | **9,516.4** | **13,004.6** | **125.6** |
| **कुल निर्यात** | **30,970.9** | **45,786.3** | **55,542.3** |

अ : अनंतिम।

**टिप्पणी :** 2006-07 के आंकड़े, जिनमें पेट्रोलियम आयात का देशवार वर्गीकरण शामिल होता है, पिछले वर्षों के डाटा से कुछ भिन्न हो सकते हैं।

**स्रोत :** वाणिज्यिक आसूचना और अंक संकलन महानिदेशालय ।